# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2023-2024)**

**कक्षा: VIII** **विषय: सामाजिक विज्ञान**

**अवधि: 2 घंटे 30 मिनट** **पूर्णांक: 60**

## सामान्य निर्देशः

(i) यह प्रश्न पत्र छह खण्डों में विभाजित है- खण्ड क , खण्ड ख, खण्ड ग, खण्ड घ, खण्ड ङ एवं खण्ड च। इस प्रश्न पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन उपलब्ध है। उनमें में से किसी एक प्रश्न को ही कीजिए।

(iii) प्रश्नों के सामने उनके निर्धारित अंक लिखे हुए हैं।

(iv) खण्ड 'क' (प्रश्न संख्या 1.i से 1.xv तक) 1 अंक वाले बहुवैकल्पिक प्रकार के प्रश्न हैं।

(v) खण्ड 'ख' (प्रश्न संख्या 2 से 5 तक) में 2 अंक वाले अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 20 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

(vi) खण्ड 'ग' (प्रश्न संख्या 6 एवं 7 तक) में 3 अंक वाले लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

(vii) खण्ड 'घ' (प्रश्न संख्या 8 एवं 9 तक) में 5 अंक वाले दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

(viii) खण्ड 'ङ' (प्रश्न संख्या 10 से 13 तक) में 4 अंक वाले केस आधारित प्रश्न हैं।

(ix) खण्ड 'च' ( प्रश्न संख्या 14) एक मानचित्र आधारित प्रश्न है जो 5 अंकों का है|

(x) मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर **दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए** अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

| प्रश्न सं. | **खण्ड क** | 1X15=15 |
|---|---|---|
| 1.i | सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का अर्थ है:-<br>A. देश के सभी वयस्क नागरिकों को वोट देने का अधिकार है<br>B. केवल धार्मिक समूहों को ही वोट देने का अधिकार है<br>C. केवल शिक्षित व्यक्तियों को ही वोट देने का अधिकार है<br>D. संपत्ति एवं आर्थिक स्थिति के आधार पर मतदान का अधिकार दिया गया है | 1 |
| 1.ii | लोकसभा में सत्तारूढ़ दल का नेता कौन होता है?<br>A. राष्ट्रपति<br>B. प्रधान मंत्री<br>C. लोक सभा अध्यक्ष<br>D. मुख्यमंत्री | |

| | | |
|---|---|---|
| 1.iii | भारत में न्यायालयों के कितने स्तर हैं ?<br>एक<br>दो<br>तीन<br>चार | 1 |
| 1.iv | दहेज लाने के लिए महिला को परेशान करना ;-<br>A. आपराधिक कानून<br>B. सिविल कानून<br>C. जनहित याचिका<br>D. उपरोक्त में से कोई नहीं | 1 |
| 1.v | भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत अस्पृश्यता को समाप्त किया गया है?<br>A. अनुच्छेद 15<br>B. अनुच्छेद 16<br>C. अनुच्छेद 17<br>D. अनुच्छेद 18 | 1 |
| 1.vi | भारतीय संविधान के जनक के रूप में किसे जाना जाता है?<br>A. डॉ. भीम राव अम्बेडकर<br>B. महात्मा गांधी<br>C. जवाहर लाल नेहरू<br>D. सुभाष चंद्र बोस | 1 |
| 1.vii | अंतरफसल क्या है?<br>A. मिट्टी को बारिश से बचाने के लिए अलग-अलग फसलें वैकल्पिक पंक्तियों में उगाई जाती हैं और अलग-अलग समय पर बोई जाती हैं<br>B. फसलों को अलग अलग भूमि पर उगाना<br>C. फसलें पहाड़ी ढलान की रूपरेखा के समानांतर उगाई जाती हैं<br>D. समान फसलें उगाने के लिए सपाट सतहों का उपयोग किया जाता है | 1 |
| 1.viii | रोपणकृषि से आप क्या समझते हैं?<br>A. यह एक व्यावसायिक खेती है जहां एक ही फसल बड़ी संख्या में उगाई जाती है<br>B. यह एक ऐसी खेती है जहां विभिन्न फसलें उगाई जाती हैं<br>C. यह एक ऐसी खेती है जहां जीवन निर्वाह के लिए खेती की जाती है<br>D. यह एक मिश्रित प्रकार की व्यावसायिक खेती है | 1 |

DoE, DELHI

| | | |
|---|---|---|
| 1.ix | पहली कपड़ा मिल मुंबई में कब स्थापित की गई थी:-<br>A. 1850<br>B 1852<br>C. 1854<br>D. 1856 | 1 |
| 1.x | सिलिकॉन वैली कहाँ  स्थित है:-<br>A. मुंबई<br>B.अहमदाबाद<br>C कैलिफोर्निया<br>D. बेंगलुरु | 1 |
| 1.xi | अंतिम शक्तिशाली मुगल शासक कौन थे ?<br>A. अकबर<br>B. जहांगीर<br>C. औरंगजेब<br>D. बाबर | 1 |
| 1.xii | 1857 के विद्रोह में क्रांतिकारियों ने किसे अपना नेता घोषित किया ?<br>A. बहादुर शाह जफर<br>B. रानी लक्ष्मी बाई<br>C. तात्या टोपे<br>D. नाना साहब | 1 |
| 1.xiii | "शांतिनिकेतन" की स्थापना किसने की ?<br>A. महात्मा गांधी<br>B अरबिंदो घोष<br>C. रवीन्द्रनाथ टैगोर<br>D. जवाहर लाल नेहरू | 1 |
| 1.xiv | बंगाल का विभाजन किस वर्ष हुआ:<br>A. 1900<br>B. 1905<br>C. 1910<br>D. 1920 | 1 |
| 1.xv | संघवाद का अर्थ है:-<br>A. देश में एक से अधिक स्तर की सरकार का अस्तित्व<br>B. देश में सरकार का केवल एक ही स्तर<br>C. एक प्रकार की सरकार जहां सत्ता एक ही शासक में निहित होती है<br>D. सरकार की एक प्रणाली जहां सत्ता केवल स्थानीय सरकारों के पास होती है। | 1 |

DOE, DELHI

| | | |
|---|---|---|
| | **खण्ड ख** | 2x4=8 |
| 2 | भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 का संक्षेप में वर्णन करें।<br>या<br>भारतीय संविधान के निर्माण में भीम राव अम्बेडकर की क्या भूमिका है? | 2 |
| 3 | उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए !<br>या<br>उद्योगों का वर्गीकरण कैसे किया जाता है? | 2 |
| 4 | महात्मा गाँधी क्यों चाहते थे कि स्कूलों में पढ़ाई का माध्यम भारतीय भाषाएँ हों? | 2 |
| 5 | 1921-22 तक असहयोग आंदोलन ने कैसे गति पकड़ी? | 2 |
| | **खण्ड ग** | 3x2=6 |
| 6 | भारत में संसद की क्या भूमिका है?<br>या<br>गठबंधन सरकार से आप क्या समझते हैं? | 3 |
| 7 | अंग्रेजी शिक्षा ने भारतीयों को गुलाम बना लिया है। महात्मा गांधी ने ऐसा क्यों कहा?<br>या<br>भारतीय शिक्षा प्रणाली पर रवीन्द्र नाथ टैगोर के विचार क्या थे ? | 3 |
| | **खंड घ** | 5x2=10 |
| 8 | भारत में न्यायालयों की संरचना क्या है? सभी संरचनाओं को विस्तार से समझाइये। | 5 |
| 9 | सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने में जनहित याचिका किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है?<br>या<br>भारत में न्यायपालिका की क्या भूमिका है? वर्णन कीजिए ! | 5 |

DOE, DELHI

| | | |
|---|---|---|
| | **खण्ड ङ** | 4x4=16 |
| 10 | **दिए गए गद्यांश को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br>रोज़ापार्क्स (1913–2005) एक अफ़्रीकी-अमेरिकन महिला थीं। 1 दिसंबर 1955 को दिन भर काम करके थक जाने के बाद बस में उन्होंने अपनी सीट एक गोरे व्यक्ति को देने से मना कर दिया। उस दिन उनके इंकार से अफ़्रीकी-अमेरिकनों के साथ असमानता को लेकर एक विशाल आंदोलन प्रारंभ हो गया, जो नागरिक अधिकार आंदोलन (सिविल राइट्स मूवमेंट) कहलाया। 1964 के नागरिक अधिकार अधिनियम ने नस्ल, धर्म और राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव का निषेध कर दिया। इसने यह भी कहा कि अफ़्रीकी-अमेरिकन बच्चों के लिए सब स्कूलों के दरवाज़े खोले जाएँगे और उन्हें उन अलग स्कूलों में नहीं जाना पड़ेगा, जो विशेष रूप से केवल उन्हीं के लिए खोले गए थे। इतना होने के बावजूद भी अधिकांश अफ़्रीकी-अमेरिकन गरीब हैं। अधिकतर अफ़्रीकी-अमेरिकन बच्चे केवल ऐसे सरकारी स्कूलों में प्रवेश लेने की ही सामर्थ्य रखते हैं, जहाँ कम सुविधाएँ हैं और कम योग्यता वाले शिक्षक हैं; जबकि गोरे विद्यार्थी निजी स्कूलों में जाते हैं या उन क्षेत्रों में रहते हैं, जहाँ के सरकारी स्कूलों का स्तर निजी स्कूलों जैसा ही ऊँचा है।<br><br>1. रोजा-पार्क कौन थी?<br>2. 1964 का नागरिक अधिकार अधिनियम क्या करता है?<br>3. अधिकांश अफ़्रीकी-अमेरिकी बच्चे सरकारी स्कूलों में क्यों पढ़ते थे? | 1+1+2=4 |
| 11 | **दिए गए गद्यांश को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br>भूमि का उपयोग भौतिक कारकों द्वारा निर्धारित किया जाता है, जैसे स्थलाकृति, मृदा, जलवायु, खनिज और जल की उपलब्धता । मानवीय कारक जैसे जनसंख्या और प्रौद्योगिकी भी भूमि उपयोग प्रतिरूप के महत्त्वपूर्ण निर्धारक हैं। स्वामित्व के आधार पर भूमि को निजी भूमि और सामुदायिक भूमि में बाँटा जा सकता है। निजी भूमि व्यक्तियों के स्वामित्व में होती है जबकि सामुदायिक भूमि समुदाय के स्वामित्व में होती है। सामान्य रूप से इसका उपयोग समुदाय से संबंधित व्यक्तियों के लिए किया जाता है, जैसे चारा, फलों, नट या औषधीय बूटियों को एकत्रित करना । इस सामुदायिक भूमि को साझा संपत्ति संसाधन भी कहते हैं।<br>जनसंख्या और उनकी माँग सदैव बढ़ती रहती है लेकिन भूमि की उपलब्धता सीमित है। स्थान के अनुसार भूमि की गुणवत्ता में अन्तर होता है। लोगों ने सामुदायिक भूमि पर व्यापारिक क्षेत्र बनाने, नगरीय क्षेत्रों में घर बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि योग्य भूमि का विस्तार करने के लिए अनाधिकृत हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया है। आज भूमि उपयोग प्रतिरूप में व्यापक परिवर्तन हमारे समाज में सांस्कृतिक परिवर्तनों को दर्शाते हैं। वर्तमान में कृषि और निर्माण सम्बन्धी गतिविधियों के प्रसार के कारण निम्नीकरण, भूस्खलन, मृदा अपरदन, मरुस्थलीकरण पर्यावरण के लिए प्रमुख खतरा है। | 1+1+2=4 |


DOE DELHI

| | | |
|---|---|---|
| | 1. भारत में भूमि का वर्गीकरण कैसे किया जाता है?<br>2. सामुदायिक भूमि का स्वामित्व लोगों के पास कैसे होता है?<br>3. निर्माण गतिविधियों के दुष्प्रभाव क्या हैं? | |
| 12 | **दिए गए गद्यांश को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br><br>भूमि, जल, वायु, पेड़-पौधे एवं जीव-जंतु मिलकर प्राकृतिक पर्यावरण बनाते हैं। स्थलमंडल, जलमंडल, वायुमंडल एवं जैवमंडल से आप पहले से ही परिचित होंगे। आइए, अब हम इनके संबंध में कुछ और तथ्यों की जानकारी प्राप्त करते हैं।<br>पृथ्वी की ठोस पर्पटी या कठोर ऊपरी परत को स्थलमंडल कहते हैं। यह चट्टानों एवं खनिजों से बना होता है एवं मिट्टी की पतली परत से ढँका होता है। यह पहाड़, पठार, मैदान, घाटी आदि जैसी विभिन्न स्थलाकृतियों वाला विषम धरातल होता है। ये स्थलाकृतियाँ महाद्वीपों के अलावा महासागर की सतह पर भी पाई जाती हैं।<br>स्थलमंडल वह क्षेत्र है, जो हमें वन, कृषि एवं मानव बस्तियों के लिए भूमि, पशुओं को चरने के लिए घासस्थल प्रदान करता है। यह खनिज संपदा का भी एक स्रोत है। जल के क्षेत्र को जलमंडल कहते हैं। यह जल के विभिन्न स्रोतों जैसे- नदी, झील, समुद्र, महासागर आदि जैसे विभिन्न जलाशयों से मिलकर बनता है। यह सभी प्राणियों के लिए आवश्यक है।<br><br>1. प्राकृतिक पर्यावरण क्या है?<br>2. स्थलमंडल क्या है?<br>3. जलमंडल क्या है? | 1+1+2=4 |
| 13 | **दिए गए गद्यांश को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br><br>पेशवाओं की देखरेख में मराठों ने एक अत्यंत सफल सैन्य संगठन का विकास कर लिया। उनकी सफलता का रहस्य यह था कि वे मुग़लों के किलाबंद इलाकों से टक्कर न लेते हुए, उनके पास से चुपचाप निकलकर शहरों-कस्बों पर हमला बोलते थे और मुगल सेना से ऐसे मैदानी इलाकों में मुठभेड़ लेते थे; जहाँ रसद पाने और कुमक आने के रास्ते आसानी से रोके जा सकते थे।<br>1720 से 1761 के बीच, मराठा साम्राज्य का काफ़ी विस्तार हुआ। उसने शनैः-शनैः और काफ़ी सफलतापूर्वक मुगल साम्राज्य की सत्ता को क्षति पहुँचाई। 1720 के दशक तक मालवा और गुजरात मुग़लों से छीन लिए गए। 1730 के दशक तक, मराठा नरेश को समस्त दक्कन प्रायद्वीप के अधिपति के रूप में मान्यता मिल गई और साथ ही इस क्षेत्र पर चौथ और सरदेशमुखी कर वसूलने का अधिकार भी मिल गया।<br><br>1. मराठों ने किसके अधीन एक सफल संगठन विकसित किया? | 1+1+2=4 |

DoE, DELHI

| | | |
|---|---|---|
| | 2. 1720 में मराठों ने किन राज्यों पर कब्ज़ा कर लिया?<br>3. मराठा मुगलों से क्षेत्र प्राप्त करने में किस प्रकार सफल हुए? | |
| | **खण्ड छ** | 1x5=5 |
| 14 | भारत के दिए गए राजनीतिक रेखामानचित्र पर निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच स्थानों को** उचित संकेतों द्वारा दर्शाइए एवं उनके नाम लिखिए-<br>A. बनारस<br>B. बरेली<br>C. कानपुर<br>D. दिल्ली<br>E. अलीगढ़<br>F. झाँसी<br>G. | 5x1=5 |
| | निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर** दिया गया है।<br>(**किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल कीजिए**)-<br><br>A. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ मंगल पांडे को अपने अफसरों पर हमला करने के आरोप में फांसी पर लटका दिया था।<br>B. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ नाना साहेब ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था।<br>C. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ मुग़ल बादशाह बहादुर शाह ज़फर ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था।<br>D. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ रानी लक्ष्मीबाई ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था।<br>E. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कुँवर सिंह ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था।<br>F. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ रानी अवंति बाई लोधी ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था। | <br><br><br>1<br><br>1<br><br>1<br>1<br>1<br>1 |

DoE, DELHI


INDIA - POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES
भारत – राजनैतिक और पड़ोसी देश
Tropic of Cancer
SCALE
Kms.0
250
500 Kms.
1 Cm = 230 Km (approx)
1. The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate baseline.
2. The interstate boundaries between Uttar Pradesh & Uttranchal, Bihar & Jharkhand, Madhya Pradesh & Chhattisgarh have not been verified by the Government concerned.
3. The boundary of Meghalaya shown on this map is as-interpreted from the North-Eastern Areas ( Reorganisation ) Act. 1971, but has yet to be verified.
4. The External Boundary and coast-line of India shown on this map agree with the Record / Master Copy certified by the Survey of India Dehra Dun.
5. The administrative Headquarters of Chandigarh, Haryana and Punjab are at Chandigarh.
6. The administrative Headquarters of Telengana and Andhra Pradesh are at Hyderabad.
(Vide their letter No. T.B. 453/62-A-3/A-2 Dated 15-11-2019.)
© Government of India Copyright, 2019
Publishers :-
S.K. PUBLICATIONS
A - 6 Maya Puri, Ph-I, New Delhi-64
Phone No. . 28113536
Price :- ₹ 2-00